ENERGY FOR EVER

इरेडा
IREDA

ONCE IREDA ALWAYS IREDA

(A Navratna CPSE)

प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा की तीसरी तिमाही के परिणाम : राजस्व में 36% की वृद्धि, पीएटी में 27% की वृद्धि

नई दिल्ली, 9 जनवरी 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जिसमें प्रमुख वित्तीय मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। देश की सबसे बड़ी ग्रीन फाइनेंसिंग एनबीएफसी के रूप में, इरेडा ने एक बार फिर से अपने तिमाही लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को केवल 9 दिनों के भीतर प्रकाशित करके उद्योग के मानक स्थापित किए हैं। **यह उपलब्धि इरेडा को 9 दिनों की अवधि के भीतर लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम प्रकाशित करने वाली एकमात्र कॉर्पोरेट के रूप में स्थापित करती है।**

इरेडा के निदेशक मंडल ने आज आयोजित बैठक के दौरान कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन को स्वीकार किया और वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही की मुख्य विशेषताएं:

• **परिचालन से राजस्व**: ₹1,698.99 करोड़ प्राप्त हुआ, जोकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के ₹1,253.20 करोड़ की तुलना में 35.57% की वृद्धि है

• **कर से पहले लाभ (पीबीटी):** ₹538.20 करोड़ रहा, जोकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही के ₹386.14 करोड़ से 39.38% की वृद्धि दर्शाता है

• **कर के बाद लाभ(पीएटी):** ₹425.37 करोड़ दर्ज किया गया, जोकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के ₹335.54 करोड़ से 26.77% की वृद्धि दर्शाता है

• **ऋण स्वीकृतियाँ**: ₹13,226.81 करोड़ तक पहुंच गईं, जोकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में ₹9,121.11 करोड़ की तुलना में 45.01% की उल्लेखनीय वृद्धि है

• **ऋण संवितरण**: पिछले वर्ष की इसी अवधि में ₹5,946.45 करोड़ से 25.27% की वृद्धि के साथ ₹7,448.96 करोड़ हो गई

• **ऋण बुक**: वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में ₹50,579.67 करोड़ की तुलना में 36.34% की वृद्धि दर्शाते हुए ₹68,959.61 करोड़ तक की वृद्धि

• **नेटवर्थ**: वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में ₹8,134.56 करोड़ से 20.99% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹9,842.07 करोड़ तक मजबूत हुई ।

• **प्रति शेयर आय (ईपीएस):** पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में ₹1.38 से 15.03% की वृद्धि के साथ ₹1.58 हो गई

इस परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि , "वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में हमारा उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन को गति देने के लिए इरेडा की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऋण मंजूरी, ऋण संवितरण और हमारी ऋण बुक के उल्लेखनीय वृद्धि सतत ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के हमारी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है। हमारे पीएटी द्वारा प्रमाणित एक मजबूत वित्तीय स्थिति और मजबूत लाभप्रदता के साथ, इरेडा देश की हरित ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है।"

श्री दास ने इन उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए उनके अटूट समर्पण और उत्कृष्टता के लिए इरेडा की टीम की भी सराहना की। उन्होंने माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, श्री श्रीपद नाइक, एमएनआरई के सचिव, श्री प्रशांत कुमार सिंह, मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और निदेशक मंडल को उनके निरंतर समर्थन और अमूल्य मार्गदर्शन के लिए अपना आभार व्यक्त किया।